हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 22 नवंबर 2025

04 किसानों पर आफत, इलेक्ट्रानिक तौल कांटे...



07 एटीएम स्वैपिंग कर ठगी करने वाली ...





### दो माह पूर्व भी इसी कॉलोनी में हुई थी लाखों की चोरी, कॉलोनीवासियों में असुरक्षा का माहौल, जिम्मेदार बने बेसुध

# शहर की सबसे पॉश कॉलोनी क्रिसेंट रेसीडेंसी में चोरों ने फिर बोला धावा, 1.80 लाख नगद ले उड़े

**इस कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग दो माह पहले इसी मकान से छह मकान पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर आशीष श्रीवास्तव के सूने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात उड़ाए गए थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की सुरक्षित और पॉश समझी जाने वाली क्रिसेंट रेसिडेंसी कॉलोनी एक बार फिर चोरों के निशाने पर आ गई है। कुछ समय के लिए जो सन्नाटा टूटा था, अब फिर वही भय और असुरक्षा लौट आई है। बीती रात हुई चोरी की वारदात ने न केवल निवासियों में दहशत फैलाई है बल्कि कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सोते परिवार के बीच से उड़ाई नकदी

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी के मकान नंबर 155 में रहने वाले मुकेश वाधवानी हाल ही में यहां शिफ्ट हुए हैं। रोज़मर्रा की तरह उनका परिवार रात में घर में सो रहा था। तभी पीछे की दीवार फांदकर चोर घर में घुस गए। जिस कमरे में उनकी पत्नी सो रही थीं, उसी कमरे की अलमारी को खोलकर चोरों ने लगभग 1.80 लाख रुपए की नकदी और अन्य सामान चुरा लिया। सोते परिवार के बीच यह वारदात होना सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ा है।



### आहट से नींद टूटी लेकिन बहुत देर हो चुकी थी

रात की खामोशी में खटपट की आवाज सुनकर वाधवानी की पत्नी की नींद टूट गई। लेकिन जब तक वह कुछ समझ पातीं, तब तक चोर सामान लेकर फरार हो चुके थे। रात की उस दहशत भरी घड़ी को याद करते ही परिवार आज भी सहम जाता है। वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा और अन्य औपचारिक कार्यवाही की गई।

### दो माह पूर्व भी हो चुकी है इसी कॉलोनी में लाखों की चोरी

इस कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग दो माह पहले इसी मकान से छह मकान पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर आशीष श्रीवास्तव के सूने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात उड़ाए गए थे। पुलिस ने कई दिनों की मेहनत के बाद आरोपियों को पकड़कर कुछ जेवर बरामद जरूर किए थे, लेकिन चोरी गई बड़ी नकदी आज तक नहीं मिल पाई है। यह घटना लोगों के दिल-दिमाग से उतरे बिना ही दूसरी चोरी ने सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कॉलोनीवासी सुरक्षा को लेकर चिंतित

इन लगातार घटनाओं ने पॉश कॉलोनी के निवासियों के मन में असुरक्षा की गहरी भावना पैदा कर दी है। यहां रहने वाले लोग लगातार पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कवरेज मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। कई निवासियों का कहना है कि रात में खासतौर पर सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नजर नहीं आती, जबकि भारी भरकम मेंटेनेंस चार्ज भी जमा किया जाता है।

**पुलिस की कोशिशें :** कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम आसपास के संदिग्धों, बदमाशों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के दावे और कॉलोनीवासियों की चिंता के बीच उम्मीद यही की जा रही है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्त में आएंगे और चोरी हुई राशि की बरामदगी हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4271 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए और 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## ऑक्सफोर्ड की बुशरा खान गौरी व ईशा पटेल मैराथन में रहीं अव्वल

**सीहोर।** दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर की छात्राओं ने रोटरी क्लब, इनर व्हील एवं रेडक्रॉस सोसाइटी, सीहोर द्वारा आयोजित मैराथन फेस्टिवल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

5 किमी रेस में पूर्व छात्रा बुशरा खान ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 10 की ईशा पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर सुशील मल्होत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब, सीहोर के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय और रेडक्रॉस सोसाइटी, सीहोर के सचिव विपुल चंदक ने प्रतिभागियों को बधाई दी।



संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन,जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, शास. आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा तथा संकुल प्राचार्य नीना सिंह ने छात्राओं को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

### रिकॉर्ड तलाश ने में नागरिकों की पूरी मदद करें पुनरीक्षण कर्मचारी: विधायक सुदेश राय

**सीहोर।** ग्राम जमुनिया पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने शुक्रवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से पुनरीक्षण कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। विधायक सुदेश राय ने एस आई आर अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे बी एलओ सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि कई नागरिकों को रिकॉर्ड ढूंढने में दिक्कत हो रही है। अधिकांश बहूओ के वर्षों पूर्व मृत माता-पिता के नाम मतदाता सूची मैं नहीं मिल पा रहे हैं जिसके कारण फॉर्म कंप्लीट होने में परेशानी हो रही है। पुनरीक्षण कार्य को लेकर कई लोगों में भ्रम की स्थिति भी बनी हुई है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि बीएलओ सहित सभी कर्मचारी को रिकॉर्ड तलाश ने में नागरिकों की मदद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र और सशक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विधायक सुदेश राय ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपना एवं अपने परिवार का मतदाता प्रपत्र समय पर भरकर अपने बीएलओ के पास अवश्य जमा कराएँ। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में रुचि लीजिए, जिम्मेदारी निभाइए और देशहित में अपना बहुमूल्य योगदान दीजिए।

### नेशनल कराटे खिलाड़ी ने अंडर-14 में प्राप्त किए दो मेडल



**सीहोर।** शहर की उभरती कराटे खिलाड़ी मात्र 13 साल की मेघा शर्मा ने देश की राजधानी दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर नेशनल कराटे प्रतियोगिता में दो मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी मेघा शर्मा का सम्मान किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह सहित अन्य पार्षद मौजूद थे। इस मौके पर अपने परिजनों के साथ नगर पालिका में पहुंची मेघा शर्मा ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर उन्होंने अंडर-14 एज ग्रुप में सिल्वर और ब्राउंज मेडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि वह शुरू से ही कराटे का अभ्यास कर रही है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ ने प्रतिभाशाली बालिका के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

### एमएलबी स्कूल में आयोजित हुआ सांसद खेल महोत्सव

# बनाएंगे हेल्थ कॉम्पलेक्स, स्विमिंग पूल, इनडोर स्टेडियम: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खिलाड़ी बच्चों के लिए हम जल्दी ही सीहोर में स्विमिंग पूल, स्पोर्ट हेल्थ क्लब और इनडोर स्टेडियम बनाएंगे। खेलों से शारीरिक मानसिक विकास तीव्र गति से होता है पढ़ना भी है खेलना भी है और आगे भी बढ़ना है उक्त बात शुक्रवार को एकीकृत शाला शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉक्टर मोहन यादव के मार्गदर्शन में देश-विदेश और सीहोर तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। अपना सीहोर भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने जा रहा है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा और चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए अनेक योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है सुकन्या, लाडली लक्ष्मी, गांव की बेटी आप ही है खूब पढ़ना है खेलना है और आगे बढ़ना है।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, भाजपा सीहोर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं के द्वारा माता सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रूपश्री नागेश के द्वारा स्वागत बंधन अभिनंदन भाषण दिया गया।

अतिथियों का वरिष्ठ व्याख्याता वर्षा राठौर,शिक्षक सीमा जैन अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, जितेंद्र सेन के द्वारा फूल माला पहना कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

अतिथियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र सम्मान पत्र शील्ड मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, सांसद खेल महोत्सव के नगर प्रभारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षिक सीमा जैन, अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, सुनीता राठौर, अरुशेंद्र शर्मा, ज्योति बड़ेरिया, रिचा गुप्ता, सीमा सिंह, ममता समाधिया, पूनम पाठक, रेणु सोलंकी, रीना जैन, राखी नामदेव, प्रेमलता धोड़ेसवर, पियूष बैरागी, विशाल कौशल, नीलम सक्सेना अर्चना उरवे सहित विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक माधव यादव के द्वारा किया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## जसबीर सिंह खनूजा बने प्रदेश महामंत्री



**सीहोर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से सद्भावना एवं कोमी एकता प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलुजा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से युवा और अनुभवी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए टीम का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में सीहोर के ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता जसबीर सिंह खनूजा को प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

## उपभोक्ताओं को छूट प्राप्त करने का मौका

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्वीक लिंक टैब में पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कंपनी के पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने हेतु "उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है सत्यापित कर सबमिट करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

### कृषि मंडी में अव्यवस्था का आलम, प्रशासन की अनदेखी के चलते आक्रोशित हुए किसान

# किसानों पर आफत, इलेक्ट्रानिक तौल कांटे पर हाथापाई, वाहनों की लंबी कतार से लगा जाम

नीलामी के बाद तोल कराने पहुंची सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, तीन-तीन कतारों में फंसे किसान गाली-गलौज और झूमझटकी से मंडी बना अखाड़ा, स्कूल बसें और एंबुलेंस भी जाम में फंसी







हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की कृषि उपज मंडी इन दिनों बदइंतजामी और मनमानी का गढ़ बन चुकी है। मंडी परिसर और शेड पर व्यापारियों का अवैध कब्जा बना हुआ है, जिससे किसानों को अपनी ही उपज बेचने और तोल कराने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। मंडी प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही ने हालात को और भी गंभीर बना दिया है। नीलामी के बाद किसान जब तोल कांटे पर पहुंचे, तो वहां पहले से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। पहले मेरी ट्रॉली का तोल कटे—इसी बात को लेकर दो किसानों के बीच कहासुनी हो गई, जो कुछ ही पलों में गाली-गलौज, हाथापाई और झूमझटकी में बदल गई।

भीड़ और अव्यवस्था के कारण एक किसान की ट्रॉली दूसरे ट्रैक्टर में फंस गई। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक गैर-न्यूट्रल हो गई, जिससे किसान बाल-बाल बच गया। मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन व्यवस्था संभालने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर नहीं आया। गुरुवार को राला स्थित नवीन कृषि उपज मंडी से नीलामी के बाद एक साथ सैकड़ों वाहन नगर की कृषि उपज मंडी की ओर रवाना हुए। इससे मुख्य सड़क पर करीब एक घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। स्कूल बसें, मरीजों को लेकर जा रहे वाहन और आम राहगीर जाम में फंसे रहे।

### तीन-तीन कतारें, फिर भी नहीं हो पा रहा सुचारू तौल

मंडी में वाहनों की तीन कतारें लगी रहीं, लेकिन तौल की गति बेहद धीमी रही। जगह की कमी और अव्यवस्था के कारण कई किसान सड़क पर ही खड़े रहने को मजबूर हो गए, जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ती चली गई।

### व्यापारियों का कब्जा, किसानों के लिए नहीं बची जगह

मंडी प्रांगण और शेड में चारों ओर व्यापारियों की उपज फैली हुई है। नियमानुसार यह स्थान किसानों के लिए होना चाहिए, लेकिन वास्तविकता में किसान खुले में खड़े रहने को मजबूर हैं। मंडी प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय सब कुछ नजरअंदाज कर रहा है। किसानों का कहना है हम सुबह से खड़े हैं, लेकिन तोल अब तक नहीं हुआ। प्रशासन सो रहा है। व्यापारी पूरे शेड पर कब्जा किए बैठे हैं, हमें सड़क पर खड़ा होना पड़ रहा है।

## मुस्कान विशेष अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरुक




**भैरुंदा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे "मुस्कान विशेष अभियान" के अंतर्गत थाना भैरुंदा द्वारा गुरुवार को ग्राम बोरखेड़ा कला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यार्थियों को महिला संबंधी अपराधों, बाल सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में निरीक्षक घनश्याम दांगी, उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, आरक्षक रविंद्र सहित थाना भैरुंदा का स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को विस्तार से बताया कि आज के समय में बालिकाएं किन-किन खतरों का सामना कर सकती हैं और उनसे कैसे खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। पुलिस टीम ने बालिकाओं को महिला अपराधों के प्रकार, उनकी शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा दोषियों को मिलने वाली सजा के विषय में भी जानकारी दी। साथ ही अपहरण से पहले और बाद की परिस्थितियों, उससे उत्पन्न मानसिक और सामाजिक समस्याओं को केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से जुड़े अपराधों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने साइबर सुरक्षा, अनजान लोगों से बातचीत, फोटो-वीडियो शेयरिंग और फर्जी प्रोफाइल से बचने के तरीके भी बताए।

**विद्यालय परिवार की रही सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य साशीता तोप्पो, संगीता सेन, शिक्षक बलवंत सिंह राजपूत, अजय कुमार दुबे, रेवा पवार सहित समस्त शिक्षकगण एवं लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित और जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मुस्कान विशेष अभियान के माध्यम से भैरुंदा पुलिस ने यह साबित किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में जागरूकता लाना भी पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में महिला एवं बाल अपराधों पर अंकुश लगाने में एक मजबूत कदम साबित होंगे।

## बीईओ ने एसआईआर प्रकिया का निरीक्षण कर दिए टीम को कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश



**इछावर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे ( एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का बीईओ एमएस नेटी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ श्री नेटी द्वारा पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ और टीम से जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बीईओ नादान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया और उनकी टीम से सर्वे कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। बीईओ ने वर्तमान कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त सर्वे कार्य को अतिशीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कई जगह कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है जिससे ब्लांक का प्रतिशत कम दिखाई दे रहा है। सभी बीएलओ उक्त कार्य को निर्धारित समय अनुसार करें। इसमें लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह बीएलओ और उनके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लाएं और शत प्रतिशत कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया, शिक्षक कमलसिंह मालवीय , कल्याण सिंह ठाकुर, मेहरबान सिंह प्रजापति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शबनमबी, बीएलए दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सड़क पर हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ओवरस्पीडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, इसलिए हाईवे और प्रमुख मार्गों पर टोल नाकों के पास स्पीड रडार गन के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों का भौतिक सर्वे किया जाए और जहां कहीं संकेतक, रिफ्लेक्टर, डिवाइडर या स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता हो, वहां तत्काल व्यवस्था की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी पुल, पुलिया और सड़कें सही स्थिति में हों तथा क्षतिग्रस्त संरचनाओं की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीहोर नगर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर यातायात में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित कर सुनियोजित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें, ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें और वहां विशेष सुरक्षा उपाय करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाए।

बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लापरवाही से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्रवाई एवं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी अर्चना पटेल ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ ने जानकारी दी कि विगत दस माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 13,821 उल्लंघनकर्ताओं पर 72 लाख 72 हजार 663 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामूहिक दायित्व है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें, नियमित मॉनिटरिंग करें और प्रत्येक माह प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आमजन से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**दुर्घटना में जान बचाने वालों को राहवीर योजना के तहत कराएं पुरस्कृत :** बैठक में कलेक्टर ने 'राहवीर योजना' की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले नागरिक को शासन द्वारा सम्मानित किया जाता है। ऐसे व्यक्ति से किसी प्रकार की पुलिस पूछताछ नहीं की जाती और समिति के निर्णय के उपरांत उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग मानवता के इस कार्य के लिए आगे आएं।

## उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया




**सीहोर।** उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना था । इस महोत्सव में कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। व विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि सुदीप प्रजापति, नगर मंडल अध्यक्ष भाजापा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी, वार्ड पार्षद सत्यनारायण वारिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभाकक्ष में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को सासंद खेल महोत्सव और महत्व को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेंद्र देशमुख के द्वारा की गई। एनएसएस ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा छात्रों को खेल अनुशासन का अनुसरण करने की बात कही गई। स्पोर्ट्स ऑफिसर रामवृक्ष भारतद्वाज द्वारा उपस्थित अतिथि गणों और अधिकारियों का आभार व धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता भार्गव ने किया। कार्यक्रम में संतोष सोनी, एसके पाठक, कार्तिक राय, डॉ. देवेंद्र साहू, एलएम अहिरवार, एलएन आहूजा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### डॉ. आंबेडकर धर्मशाला में सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुआ कार्यकम

# सामाजिक बुराइयां देश के लिए घातक है, बुद्ध धम्म प्रचार समिति ने दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुद्ध धम्म प्रचार समिति नागपुर द्वारा आयोजित बुद्ध धम्म संदेश रैली का आगमन सीहोर में हुआ। डॉ. अम्बेडकर धर्मशाला मुरली रोड में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने सामाजिक बुराइयों का निषेध कर स्वस्थ समाज के निर्माण का का संकल्प लिया। आज समाज में अनेक विषमतायें व्याप्त है। गरीबी बेरोजगारी, जातिवाद, दहेज-प्रथा, नशाखोरी महिला हिंसा, भेदभाव आदि सामाजिक समस्याओं का निदान केवल शिक्षा व अतः समाज को सुशिक्षित कर उक्त समस्याओं से छुटकाडा मुक्ति मिल सकती है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में सभी समस्याओं का उपाय बताया है। अतः संविधान के प्रति जागरुकता, मौलिक अधिकारों व कर्तव्य के प्रति सबको जागरूक होना चाहिये । उक्त उद्गार समिति के संयोजक केशव सोमकुवर सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त आयकर विभाग ने व्यक्त किये। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविद् रवीन्द्र बांगरे ने युवाशक्ति को आगे आकर सामाजिक बुराइयों को नष्ट करने का आहवान किया। बोधाचार्य देवानंद वानखेडे चन्द्रपुर महाराष्ट्र ने बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुरूप अहिंसात्मक समाज के निर्माण वे चारित्रिक शक्तियों के पल्लवन पर विचार प्रस्तुत किये। सभा में प्रमुख रूप से कमलेश दोहरे, सीताराम भारती, सुनील फरेला, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, प्रेमलता शैल, देवेन्द्र अहिरवार, नीरज जाटव, महेश कुमार, मधुसुदन अग्रवाल, धन्नालाल परचोले, सुरेश महोबिया, दयाराम गवाटिया, एन.पी.नागेश, जनम सिंह परमार, रामचरण दसलानिया, घनश्याम जाटव, प्रिंस जांगड़ा, घनश्याम बकोरिया, कृष्णा सूर्यवंशी, हेमंत डोहरे, दीपक सोनकर सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया फील्ड निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने शुक्रवार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड पर बीएलओ से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने गणना फार्मों के वितरण और प्राप्ति की स्थिति तथा बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने बुधनी विधानसभा के अंतर्गत भैरूंदा, रेहटी, तथा बुधनी तहसील के अनेक मतदान केंद्रों पर पहुंच कर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड में होने वाली किसी भी कठिनाई को तत्काल ईआरओ एवं एईआरओ के संज्ञान में लाया जाए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और अएसआईआर का काम समय पर पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह कार्य पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को समय सीमा के भीतर सर्वे एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर कार्य के लिये बीएलओ के सहयोग के लिये लगाये गये सभी कर्मचारियों से कहा कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा तथा बुधनी एसडीएम डी.एस. तोमर उपस्थित थे।

### 4 कारें और नकदी सहित मिले कई एटीएम कार्ड, यूपी और हरियाणा के हैं सभी आरोपी

# एटीएम स्वैपिंग कर ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग पकड़ाई, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




एटीएम स्वैंपिंग कर आम लोगों के साथ ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का सारंगपुर - पचोर पुलिस ने भंडाफोड कर दिया है। सीधे साधे लोगों को टारगेट करने के लिए एक संयुक्त गिरोह के रूप में कार्य करते हुए काम किया करते थे। एटीएम में खडे होकर पासवर्ड देखना व विश्वास करने वाले आम आदमी का पलक झपकते ही एटीएम बदलकर लोगों की जमा पूंजी उडा दिया करते थे। पचोर व सारंगपुर पुलिस की सुयुक्त कार्रवाई में एटीएम स्वैपिंग गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जिनके पास से 1लाख 50 हजार नगदी, चार कारें व कई एटीएम कार्ड बरामद हुए है। पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद उत्तरप्रदेश और हरियाणा से इन अंर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है।

## आरोपियों द्वारा ठगी के मामले

यह की पूर्व में भी 28 जून 25 को फरियादी रामगोपाल यादव निवासी करनवास से 35,000 रुपये एटीएम बदलकर ठगी की घटना की थी जिसमे आरोपीगणो शराफत खान, नासिर खान को घाघोट थाना चांद हट जिला पलवल हरियाणा से गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

10 जुलाई 25 को फरियादी सुखवीर सांसी निवासी कडिया से धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 40 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी आरोपीगणो को गाजिया बाद उत्तप्रदेश से गिरफ्तार कर ठगी के 40 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

9 सितंबर 25 को फरियादी कृष्णमुरारी निवासी दादरा उत्तरप्रदेश से 35 हजार रुपये धोकाधडी पुर्वक एटीएम बदलकर आरोपीगणो ने 35 हजार रुपये की ठगी की थी जिसमे भी जिला हिसार हरियाणा के आरोपीगणो को गिरफ्तार कर ठगी के 35 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

थाना सारंगपुर अंतर्गत 28 जून 25 को फरियादी से 19 हजार रुपये की ठगी एटीएम बदलकर की गई थी जिसमे भी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपगणो को घाघोट थाना चांदहट जिला पलवल से गिरफ्तार कर अपराध मे प्रयुक्त अर्टिगा कार व ठगी की रकम 19 हजार रुपये बरामद किये जा चुके हैं।

## ये हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी

यह सभी आरोपियों के अपने अपने काम थे जो वह मिलकर पूरा करते थे किसी का काम उपभाक्ताओं का पिन देखना थ तो किसी का काम गाडी तैयार रखने का था कोई पुलिस की जानकारी देने का काम करता था।

विवेक चैहान ,कासगंज
अतुल यादव, जलालपुर साथल जिला एटा
ऋषभ सिसोदिया, जिला एटा
सचिन लोधी, नगला जिला एटा

### 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया

# तापमान में धीरे-धीरे हो रही बढ़ोतरी, पर हल्की शीतलहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इस हफ्ते की शुरुआत में जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सीयस के आसपास पहुंचते हुए देश में सबसे कम रिकार्ड हुआ था। लेकिन, धीरे-धीरे तापमान में हल्की उछाल आई है। गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया ऐसे में सर्दी से हलाकान लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली। हालांकि, सर्द हवाओं का दौर जिले में अभी भी जारी है और चैबीसों घंटे कोल्ड वेव के चलते दिन में भी अलाव जलते हुए देखे जा रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है कि अभी कुछ दिन और ऐसे ही शीतलहर चलती रहेंगी लेकिन उसके बाद तापमान में ज्यादा गिरावट देखने मिल सकती है।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान**
(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |
| 16 नवंबर | 6.0 |
| 15 नवंबर | 6.5 |
| 14 नवंबर | 8.2 |

## फसलों के लिए अनुकूल बताया जा रहा मौसम

शीतलहर में कमी और तापमान में बढ़त के चलते रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनुकूल बताया जा रहा है। साथ ही चना, धनिया व रबी की अन्य उपज के लिए भी यह लाभकारी सिद्ध होगा।

# कलेक्टर अवकाश पर, बीडीए सीईओ को मिल गया अतिरिक्त प्रभार

### प्रभार ग्रहण करने के उपरांत एसआईआर की प्रगति जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा 9 दिवसीय अर्जित अवकाश पर गए हैं। ऐसे में प्रशासकीय कार्यसुविधा की दृष्टि से भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के सीईओ श्री श्यामबीर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ राजगढ़ कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सामान्य प्रशासन विभाग ने सौंपा है। श्री श्यामबीर द्वारा राजगढ़ कलेक्टर का पदभार गृहण करने के उपरान्त सबसे पहले जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के गहना पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राजगढ़ विधानसभा की देवझिरी पंचायत पहुंचकर एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री ज्योति राजोरे, तहसीलदार अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने निवार्चन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर कार्य में जरा भी लापरवाही न बरती जाए।

# मानस स्कूल के 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय हैंडबॉल में कुक्षी धार के लिए हुआ चयन



**ब्यावरा।** 18 से 23 नवंबर कुक्षी धार में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल 14 वर्ष बालक बालिका के लिए मानस स्कूल ब्यावरा में अध्यनरत कक्षा 8 वी के छात्र लक्की सिंह राजपूत पिता यशवंत सिंह, पलक परिहार पिता अनिल परिहार, दिव्यांश यादव पिता बद्रीलाल यादव का चयन भोपाल संभाग की टीम में हुआ है 26 सितंबर को रायसेन में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ जिले की टीम में शामिल होकर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन के दौरान तीनो विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आर एस राजपूत ,कोच विद्या चैहान खेल शिक्षिका निकिता जोशी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अवैध कॉलोनियों में खरीदी बिक्री पर कागजी रोक

### डायवर्सन विहीन कृषि भूमि पर भूखंड बिक्री नामांतरण का खेल जारी, कलेक्टर की रोक के बाद भी नामांतरण चर्चा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगरीय सीमा में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कन्या लक्ष्मीबाई छात्रावास के समीप पिछले लगभग तीन दशकों से अवैध कॉलोनी का निर्माण और रजिस्ट्री धड़ल्ले से जारी है मामला एक बार फिर सुर्खियों में। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शासकीय प्रतिबंधों के बावजूद जमीन की रजिस्ट्री नामांतरण हो रहा है। हालात यह है की कलेक्टर द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी नामांतरण की प्रक्रिया बदस्तूररूप से जारी रहने की चर्चाएं सामने आ रही हैं। नागरिकों का कहना है की कलेक्टर के निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने पुराने मामलों में खबर लिखे जाने तक वास्तविक जांच नहीं की और न ही नया अवैध खरीदी बिक्री सहित नामांतरण को रोका गया। परिणामस्वरूप यह पूरी कॉलोनी अब विवादित भूमि बताई जा रही है। नगर में कई चिन्हित अवैध कालोनी है ओर कुछ अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी राजस्व अधिकारी को अभी तक नहीं है उनमें भी खरीदी बिक्री का काम जारी है।

## सरकारी राजस्व की हानि करवा रहे कॉलोनाइजर

नियम अनुसार रजिस्टार ऑफिस में कोई भी भू-स्वामी तीन प्लॉट से ज्यादा नहीं बेच सकता। लेकिन हकीकत में कॉलोनाइजर औने-पौने दाम पर विवादित कृषि भूमि खरीद 1000 से 3500 रुपए वर्ग फीट से प्लॉट बेच रहे हैं। रजिस्ट्री के मान से तहसील में नामांतरण हो रहें है। साथ ही तहसील से नामांतरण के साथ ही नगर परिषद में नामांतरण निर्माण मंजूरी मिल जाती है। सभी दस्तावेजों के आधार पर निजी बैंक से लोन मिल जाता है। यह सभी काम कॉलोनाइजर खुद करवा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार नगरीय क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री, नामांतरण की प्रक्रिया जारी हैं।

## पहले से बनीं कॉलोनियों में नहीं हैं सुविधाएं

जो कॉलोनी अवैध वहां बनाई जा रही थी सड़क कुछ समय पहले ऐसा ही मामला अवैध कॉलोनी में देखने को मिला था। इस कॉलोनी में बिजली, पानी नपा द्वारा दिया जा रहा है। वहीं कुछ समय पहले नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनी चिह्नित होने के बावजूद सीसी रोड बना दिया गया। सूत्रों की मानें तो अवैध कॉलोनियों के इस खेल में नेताओं सहित कुछ कर्मचारियों की पार्टनरशिप है। इसी के चलते नगर की अवैध कालोनियों का सर्वे करने की हिमत प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है। कुछ अवैध कालोनियों में प्रधानमंत्री आवास भी दे दिए गए है। स्थानीय नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि शासकीय भूमि सहित अवैध कालोनी में, रजिस्ट्री और नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर उच्च-स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मग की है ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लग सके। नगर में नगर पालिका ने 23 अवैध कॉलोनी चिह्नित की है वहीं लगभग 90 कालोनी चर्चा में है इसके अलावा ओर भी अवैध कालोनी है जिसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है अगर बारीकी से जांच हो तो सब सामने आ जाएगा।

### इनका कहना है...

उच्च अधिकारी के निर्देश पर अवैध कॉलोनी के नामांतरण पर रोक लगी हुई है रही बात छात्रावास के पास की भूमि के नामांतरण की तो रिकॉर्ड देखकर ही बता पाऊंगा,
**आकाश शर्मा**, तहसीलदार सारंगपुर,

# सुठालिया में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी



**सुठालिया।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत आज सुठालिया में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं साथियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आगे की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन दिया।मंत्री पंवार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।मंत्री पंवार ने कहा कि एसआईआर-2025 के दौरान सभी अधिकारी और कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची सटीक, अद्यतन और व्यापक रूप से तैयार हो सके।बैठक में विधानसभा संयोजक नारायण सिंह सालरियाखेडी, मानसिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान,मनोज शर्मा ओमप्रकाश पालीवाल आकाश अग्रवाल पदाधिकारी, बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ जाकर भरवा रहे एसआईआर फार्म



सारंगपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर पहुंचकर मतदाता संबंधी फार्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 16 में बुधवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जहाँ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, बीएलओ भगवान सिंह पुष्पद, राजेंद्र शर्मा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता मालवीय सक्रिय रूप से मौजूद रहे। अभियान के दौरान टीम ने घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क किया, मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने तथा पते के परिवर्तन जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### वास्को कंपनी की लगातार मिल रही हैं शिकायतें

# सीटी स्कैन की मनमानी पर सीएस ने कसा शिकंजा



**ब्यावरा।** जिला अस्पताल में अपनी मनमानी का पर्याय बनी वास्को सीटी स्केन पर अब सिविल सर्जन ने जनहित में शिकंजा कस दिया है। सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने कंपनी के स्थानीय प्रभारी को एक पत्र जाारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रत्येक मरीजों को सीटी स्केन की फिल्म देना सुनिश्चित करें और ओपीडी के आधार पर ही गंभीर व आपातकालीन मरीजों का सीटी स्केन किया जाए। उल्लेखनीय है कि वास्कों कंपनी सालों से जिला अस्पताल में अपनी मानमानी कर मरीजों की मल्टीपल सीटी स्केन करती रही है जिसकी शिकयते भी प्रबंधन के पास पहुंची थी। ऐसे में सिविल सर्जन ने आम जनता के हित में कदम उठाया है जिससे मरीजों को राहत जरूर मिलेगी साथ ही गलत तरीके से हो रही सीटी सकेन पर लगाम लगेगी।

# बाइक सवार सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य : एसपी

### सड़क एवं यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



जिले में बड़ते हादसों को लगाम कसने गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण एवं प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में जिला यातायात सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तालोनी ने बाईक से सफर करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश प्रसारित किए कि 21 नवंबर यानिकी आज से सभी को हेलमेट पहनकर ही दफ्तर आना है।

उन्होंने कहा कि हेलमेभ्ट पहनकर कार्यालय न आने वाले आने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ अमले को उक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करवाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक तोलानी ने बताया कि जिले में लगभग 9 हजार टैक्टर-ट्रॉलियां हैं। सभी टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगाने हेतु अभियान चलाया जाए। अक्सर देखने में आया है कि अधिकतर दुर्घटनाऐं टैक्टर-ट्रॉली से हुआ करती हैं। ऐसे में एसपी ने रोस्टर बनाकर पहले यह अभियान कृषि उपज मंडियों से शुरू करने की बात कही। साथ ही उन्हों ने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत टैक्टर-ट्रॉली में रेडियम लगा रहेगा, उस ग्राम पंचायत को सरपंच को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त या 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाएगा।

## गोवंश को गोशालाओं में भेजने के निर्देश

बैठक में उन्होंने कहा कि दुर्घटना हॉट स्पॉट क्षेत्र से निराश्रित गोवंश को हटाने के लिए पशु पालन विभाग, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग अभियान चलाकर गायों को हटाकर गोशालाओं में शिफ्ट करने का काम करेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मनचलों पर कार्रवाई को लेकर युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### स्कूल और कोचिंग छूटने के समय गुंडागर्दी व बुलेट से चलाते है पटाखे



**ब्यावरा।** नगर में सुदामा नगर अपना नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे अपराध जैसे की बुलेट से पटाखे फोड़ना एवं ग्रुप बनाकर दादागिरी करना एवं स्कूल और कोचिंग के समय पर लड़कियां जब कोचिंग और स्कूल के लिए निकलती है तब आगे पीछे से गाड़ियां रफ्तार से निकलना इन सब समस्याओं को लेकर अपना नगर सुदामा नगर एवं सभी क्षेत्रवासी की आवाज बनकर छात्र-छात्राएं के मन में भाई का माहौल बनता जा रहा है ऐसे मनचले लड़कों पर कार्यवाही करने के लिए युवक कांग्रेस ने आज ब्यावर सिटी थाना महोदय वीरेंद्र धाकड़ जी को ज्ञापन सौंपा एवं 15 दिन का अल्टीमेटम दिया अगर 15 दिन के अंदर ऐसे मनचले लड़कों पर उचित कार्यवाही अगर नहीं होती है तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए तैयार रहेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी इस अवसर पर युवा कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस शिव दांगी बारवा जिला सचिव अर्पित शर्मा एवं राजू सोंधिया ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस ब्यावरा उपस्थित रहे।

# छापीहेड़ा में कला उत्सव के अंतर्गत बाल मेला आयोजित

**छापीहेड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा में आज कला उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, प्रबंधन कौशल एवं नवाचार को प्रदर्शित करते हुए विविध प्रकार के स्टॉल लगाए। मेले में खाद्य सामग्री, खेल-कूद, विज्ञान मॉडल, पर्यावरण जागरूकता, हस्तशिल्प, गृह-विज्ञान तथा सजावटी वस्तुओं के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सभी स्टॉलों का संचालन छात्राओं ने स्वयं किया, जिससे नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं आर्थिक समझ का उत्कृष्ट विकास हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि आस-पास के विद्यालयों के छोटे-छोटे बच्चे तथा छात्राओं के साथ उनके छोटे बहन-भाई भी बाल मेले का आनंद लेने पहुंचे, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण और जीवंत बना।

# महिला उद्यमिता दिवस पर कॅरियर मार्गदर्शन आयोजित



**जीरापुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय में महिला उद्यमिता दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी एवं सहकारी क्षेत्र में सफल महिला उद्यमी विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार साकेत, अफसर खान (एबीएम) ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक जीरापुर की सहभागिता रही। तथा मुख्य वक्ता के रूप मे प्रगति पुष्पद एवं वंदना दांती उपस्थित हुए। अरुण कुमार साकेत ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को दिए गए स्वरोजगार एवं स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अफसर खान के द्वारा समझाया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से युवाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण आजीविका मिशन किस प्रकार मदद करती है जिससे महिलाऐं किस प्रकार स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपना उद्यम स्थापित कर सकती है। प्रगति पुष्पद ने महिला उद्यमियों के द्वारा चलाए गए लघु एवं कुटीर उद्योगों के बारे में बताया। इस मौके पर ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार कार्यक्रम प्रभारी कपिल वैष्णव, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ रीना पाटीदार, डॉ महेश नरवरिया, डॉ कमल सिंह अहिरवार, ललित शर्मा, मुकेश कुमार सेन, मंगल सिंह झाला, केतन गुप्ता, अनुपम आचार्य, इंदर सिंह गुर्जर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## भूमिहीन परिवारों को मिलेगा भूमि का पट्टा

**सीहोर।** राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवंबर से व्यापक अभियान शुरू किया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टा अधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

### किला मंदिर में विराजमान प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को किया संबोधित

# सच्ची श्रद्धा से ही होता है चमत्कार, सम्यक दर्शन के बिना आत्मकल्याण असंभवः मुनिश्री

धर्मसभा में कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से कभी छुटकारा नहीं पा सकता।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सच्ची श्रद्धा होने पर ही चमत्कार होते हैं, और जहां सम्यक दर्शन नहीं होता, वहां आत्मा का कल्याण संभव नहीं है। यदि धर्म का पालन सम्यक्त्व के साथ किया जाए तो मनुष्य पर्याय सार्थक हो जाती है और पुण्य की वृद्धि होती है। यह उद्गार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर में विराजमान आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से कभी छुटकारा नहीं पा सकता। "जो कर्म किए हैं, उनका फल भोगना ही पड़ता है। धर्मसभा में भीड़ कम, सम्मान कार्यक्रमों में भीड़ अधिकः मुनिश्री का व्यंग्य मुनिश्री ने आज की परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोग चमत्कारों की ओर आकर्षित होते हैं, सम्मान समारोह में भीड़ उमड़ पड़ती है, लेकिन धर्मसभा में आने के लिए समय नहीं निकालते। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सबसे पहले धर्मसभा में जाकर शांत भाव से जिनवाणी सुनते हैं, वे बिना किसी लालच के वास्तविक आत्मकल्याण करते हैं। साधु में कमी दिखे तो बताएं, सच्चा साधु सुधार करता है मुनिश्री प्रवर सागर ने कहा कि यदि किसी साधु में कोई कमी दिखाई दे तो श्रद्धालुओं को संकोच नहीं करना चाहिए। "अगर वह सच्चा साधु है तो वह आपकी बात स्वीकार करेगा और स्वयं में सुधार करेगा।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज दुनिया में पुण्य से अधिक पाप बढ़ रहे हैं, ऐसे में सम्यक दर्शन की आवश्यकता और भी अधिक हो जाती है। "सम्यक दर्शन मुख्य है। यदि सम्यक दृष्टि नहीं है तो पुण्य भी क्षय होने लगता है। मुनिश्री ने जैन दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मा के वास्तविक स्वरूप की प्राप्ति के बिना छायक सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र की प्राप्ति नहीं की जा सकती।सात प्रवृत्तियों के क्षय होने पर ही छायक सम्यक दर्शन प्रकट होता है और उसके साथ ज्ञान व चरित्र भी प्रकट होते हैं। मुनिश्री ने कहा कि दिगंबर साधु के प्रति दृढ़ता ही धर्म को बनाए रखती है, जबकि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति कट्टरता धर्म नहीं कहलाती।उन्होंने कहा कि साधु दूरदर्शी होते हैं और अशुभ कर्म तीन दिन, तीन माह और तीन वर्ष के भीतर अपना फल अवश्य देते हैं। अपने प्रवचन में मुनिश्री ने राजा श्रेणिक का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने जैन साधुओं को नमस्कार करके अपनी श्रद्धा का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी संत तरुण सागर जी महाराज की दृष्टि से धर्म को देखने पर व्यक्ति पुण्य अर्जित करता है और पाप के मार्ग से दूर हो जाता है।कोई भी संत आते है तो उन्हें आप आचार्य विद्यासागर,आचार्य विशुद्ध सागर ,आचार्य विनिश्चय सागर, आचार्य आर्जव सागर, समाधि सम्राट भूतबली सागर, मौनसागर मुनिराज समझकर उनकी नगर अगवानी कर उनकी चर्या को संपन्न कराएं। आपके समाज से अनेक दिगंबर मुनि बने हैं।धर्म के प्रति समर्पण बढ़ना चाहिए। समर्पण बढ़ेगा तो सम्यक दर्शन मजबूत होगा। भगवान ,गुरु आदि की भक्ति निष्कपट करना चाहिए और भक्ति समर्पण भाव से करना चाहिए।आचार्य समंतभद्र स्वामी का वृतांत सुनाकर आपके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सम्यक श्रद्धा की आवश्यकता है। मुनिश्री ने कहा कि आज लोग चमत्कार को नमस्कार करते हैं, लेकिन वास्तविक धर्म वह है जो मनुष्य को मोक्षमार्ग पर अग्रसर करे।उन्होंने कहा, जब तक सांस चल रही है तब तकआगम समझ में आता है। राजा भी आगम की महिमा समझकर जिनधर्म को स्वीकार करता है। इसलिए देव, शास्त्र और गुरु पर श्रद्धा मजबूत रखना सबसे आवश्यक है।

# इंटरनेशनल मार्शल आर्ट प्लेयर सुसाइड केस में मप्र जुजित्सु संघ का उपाध्यक्ष हुआ गिरफ्तार

**कोच खरसोदिया पुलिस की गिरफ्त से दूर**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जुजित्सु (मार्शल आर्ट) की इंटरनेशनल प्लेयर रोहिणी कलम की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को पुलिस ने रोहिणी के कोच विजेंद्र खरसोदिया और मध्य प्रदेश जुजित्सु संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि कोच खरसोदिया फरार है। रोहिणी ने पिछले महीने 26 अक्टूबर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।

बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि जांच और पूछताछ में प्रताडना की बात सामने आई है। कोच विजेंद्र खरसोदिया रोहिणी की बीमारी के बावजूद उसे प्रतियोगिताओं में भेजने का दबाव बनाते थे और उसे आराम नहीं करने देते थे। वहीं, संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह रोहिणी को किसी और से बात नहीं करने देते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि इन कारणों से रोहिणी गहरे तनाव में थी। घटना वाले दिन भी आत्महत्या से ठीक पहले रोहिणी की प्रीतम सिंह से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था, जिससे शुरुआती जांच उलझ गई थी। हालांकि, रोहिणी के परिजनों को कोच और उपाध्यक्ष पर शक था। उन्होंने समाजजनों के साथ मिलकर तीन बार एसपी कार्यालय में निष्पक्ष जांच के लिए आवेदन दिए थे और दोनों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने की मांग की थी। पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि रोहिणी की अधिकतर बातचीत इन्हीं दोनों से होती थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# घर-घर जा कर एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करेंः गोपालसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एसआईआर को ले कर भारतीय जनता पार्टी अति गम्भीर है । चल रहे एसआईआर कार्य को लेकर आज विधायक कार्यालय में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा नगर मंडल के सभी 45 बूथों के बीएलए 2 की बैठक आहूत की । बैठक में जिला प्रभारी धारासिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,विधानसभा प्रभारी धनरुपमल जैन,जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,जिला सह कार्यालय प्रभारी उमेश शर्मा,नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्तिथ रहे । बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बैठक में उपस्तिथ नगर पालिका के पार्षदगण,पार्षद प्रत्याशियों,बीएलए 2 को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है उसे हम सभी को अति गम्भीरता से लेना है । ये जो कार्य हो रहा है वो मतदाता सूची को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता बीएलए, एसआईआर अभियान में बीएलओ के साथ साथ मतदाताओं का भी पूरा सहयोग करें । इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रतिदिन कुछ समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं । पार्टी की ओर से सभी मतदान केंद्रों के बीएलए 2 नियुक्त किये गये है । तय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर परिवार में विवाह के पश्चात जुड़े नये सदस्यों(बहु) के नाम जुड़वाये,साथ ही जो मतदाता जीवन यापन के लिए रह रहे हैं,किन्तु यहां के स्थाई निवासी नहीं है,उनके नाम की भी चिंता करना है। विधायक ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता को एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी न होने पाए। जो पात्र है



उनके नाम जुड़े,जो अपात्र है,यहा नही रहते है उनके नाम ना जुड़े । चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के सटीक और शुद्धिकरण के लिए चलाई जाने वाली प्रक्रिया है, जो समय-समय पर होती रहती है। अगर मतदाता सूची में कुछ ऐसे लोगों के नाम भी हैं, जो कई स्थान पर मतदाता बने हैं तो उनके संबंध में भी बीएलओ और निर्वाचन आयोग को जानकारी देकर मतदाता सूची को सटीक कराने में सहयोग करें। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता जिस भी कार्य को संकल्प के साथ शुरू करते हैं, उसे लक्ष्य तक पहुंचाने के बाद ही रूकते है। सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में सहभागिता कर मतदाताओं की मदद करें। कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि एक भी वास्तविक मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।विधायक ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया किसी भी अनियमितता को रोकने और मतदाता सूची को स्वच्छ, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। हमें जनता को यह बताना होगा कि एसआईआर किसी भी मतदाता का नाम काटने के लिए नहीं है। एसआईआर सिर्फ मतदाता सूची के सटीक शुद्धिकरण के लिए चलाया जाने वाला अभियान है।

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय थांगता प्रतियोगिता में देवास टीम को 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल

**देवास।** दतिया में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय थांगता प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 अगस्त किया गया। जिसमें देवास जिले के बच्चों ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 मेडल प्राप्त किया। जिसमें 14 साल से कम 49 किलो वजन समूह में पूर्णा उपाध्याय ने गोल्ड मेडल, 17 साल से कम आयु में 56 किलो में हंसिका राठौर ने सिल्वर मेडल, 19 वर्ष से कम आयु समूह में 62 किलो अनुष्का चौधरी ने सिल्वर मेडल, 14 साल से कम आयु समूह में 40 किलो वजन समूह में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला थांगता संघ के अध्यक्ष विश्वास उपाध्याय, सचिव राजीव चौहान, कोच विवेक बंजारे संयोजक भावेश नीम, शिव प्रजापत,कपिल व्यास खेल एवम्-युवक कल्याण विभाग देवास ब्लॉक प्रमुख युनुस खाना शिप्रा ग्रामीण खेल प्रभारी राजेश बराना दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्राचार्य इंद्रनील बनर्जी कॉर्डिनेटर हेड सपना मैडम ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



# संस्कारों का बच्चों के अंदर समावेश होने दें, ताकि एक अच्छे व्यक्ति के रूप में निर्माण होः अल्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर अरनिया गाजी में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता-के रूप में अल्का दीदी उपस्थित रहीं। इसी के साथ ही विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताऐं उपस्थित रहीं। अल्का शर्मा दीदी ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, समरसता और शिशु मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के संचालन में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, अतः आप सभी माताएं अपने बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाये और यहां के संस्कारों का बच्चों के अंदर समावेश होने दें। जिससे वह भविष्य में एक अच्छे व्यक्ति के रूप में निर्माण होंगे, उपस्थित मातृशक्ति को अल्पाहार कराया गया। उनके विचार भी लिए गए। इस अवसर पर समस्त दीदी/आचार्य परिवार व प्रधानाचार्य राजेंद्रसिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।



# सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक में की चर्चा


हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार खेल को बढ़ावा देने हेतु पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में जावर मंडल में स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी साझा की गई एवं सभी बच्चों ने रस्सी खींच कबड्डी खो खो एवं सभी प्रकार के खेलो की प्रस्तुति दी जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर ,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, नितिन कौशल ,मंडल महामंत्री राजा ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, मदन विश्वकर्मा ,दयाराम परिहार, राजपाल ठाकुर, हुकम विश्वकर्मा ,सुनील लोधी, तेज सिंह भाटी ,अकबर सिद्दीकी, संजय मालवीय ,कमलेश खत्री आदि उपस्थित रहे।



### एसआईआर प्रक्रिया में वार्डवासियों को जागरुक कर भरवाए गणना पत्रक

# उत्कृष्ठ कार्य करने पर अध्यापक संघ ने स्वागत सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

संपूर्ण प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है जिसमें बूथ लेवल बीएलओ द्वारा मतदाताओं से संपर्क कर फार्म वितरित किए जा रहे हैं एवं मतदाताओं को नाम जोड़ने संशोधन करने एवं सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है एवं नागरिकों से अपील की जा रही है अपने परिवार के सभी सदस्यों का पंजीकरण समय पर सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची से वंचित न रह जाए। इस तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा वार्डो में पहुंचकर नागरिकों को जागरूक किया और कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वहां मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है, जिससे कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। उपस्थित वार्डवासियों नागरिकों से भी चर्चा की और उन्हें गणना पत्रक सावधानी पूर्वक भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समय पर और सही ढंग से पूरा किया जा सके। उक्त अवसर पर संबंधित वार्ड के बी.एल.ओ. एवं पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर, संजय मालवीय एवं नगर परिषद के कर्मचारी कुमैर सिंह ठाकुर, कमलेश खत्री, गुलाब गुर्जर एवं वार्ड नागरिकगण उपस्थित थे।

### तहसीलदार और बीएलओ का अध्यापक संघ ने स्वागत किया

जावर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उत्कृष्ठ कार्य करने पर प्रदेश स्तर पर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्र बीसूखेड़ी बीएलओ भूरुलाल गहरवाल का स्वागत अध्यापकों द्वारा किया गया। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक कार्य करने वाले बीएलओ गिरीश विश्वकर्मा, रंजीत सिंह चौहान, फूल सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह मालवीय, लखन सोलंकी तथा इनको सहयोग के लिए कमलेश खत्री, अरविंद गोयल, सुपर वाइजर राजेंद्र बरेठा, राकेश कुमार मालवीय का भी स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर कमलेश सोनी, गोपाल ठाकुर, सोभाल सिंह ठाकुर, गजराज सिंह बागवान, जीवन सिंह प्रजापति, चंदर सिंह पांचाल, सुभाष चंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह चौहान, गोपाल ठाकुर आदि शामिल थे।

# नगर परिषद जावर में राजस्व वसूली का लगाया गया शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासन के निर्देशानुसार जावर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 01 और 02 के गोहा में राजस्व बकाया वसूली हेतु शिविर लगाया गया। नगर परिषद ने वसूली की कार्रवाई की। शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, वार्ड पार्षद राजेंद्र भरैवा, हरीश कुमार सोनी सीएमओ एवं सहायक राजस्व निरीक्षक मधुसूदन जोशी, ऑपरेटर रजत वैद्य, रवीना चौहान उपस्थित थे वार्ड में वसूली की राशि 11000 शिविर में प्रात हुई। आगामी वसूली शिविर वार्ड क्रमांक 10,12,13 में दिनांक 28 नवंबर को लगाया जाएगा। शिवर में नागरिक करो का भुगतान समय पर करें।